


हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमजान मुबारक 2०26 टाइम टेबिल सहरी-इफ्तार........०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, खरगे ने......०1

वर्षः ०3 अंकः 232 | बदायूं, मंगलवार 1० मार्च 2०26 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

## लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

### गृह मंत्री अमित शाह दे सकते है बहस का जबाव

**दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफविपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में होने वाली बहस का जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मुद्दे पर चर्चा मंगलवार को होने की संभावना है और बहस के अंत में अमित शाह सरकार की ओर से जवाब देंगे। सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू भी इस बहस में हिस्सा ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि सरकार चाहती है कि स्पीकर के खिलाफ लाए गए इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द चर्चा कराई जाए।



दरअसल, यह चर्चा सोमवार को ही होने वाली थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो गई। विपक्ष पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में चर्चा कराने की मांग कर रहा था, जिसके चलते स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो पाई। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ यह प्रस्ताव विपक्ष के 118 सांसदों ने दिया है। इस प्रस्ताव को कांग्रेस के तीन सांसद- मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लू रवि- सदन में पेश करेंगे। विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाते समय पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्ष के नेताओं को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि स्पीकर ने विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ अनुचित आरोप लगाए और कई विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया, जबकि सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणियों पर कार्रवाई नहीं की गई। विपक्ष का कहना है कि ऐसे रवैये से सदन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं।

संविधान के अनुसार, स्पीकर के खिलाफप्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ओम बिरला सदन में मौजूद रह सकते हैं और अपना पक्ष भी रख सकते हैं। हालांकि, जब इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो वे सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते। यदि मतदान होता है तो वे वोट दे सकते हैं, लेकिन उन्हें सामान्य सदस्यों की तरह इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से नहीं बल्कि पर्ची के माध्यम से वोट देना होगा।

स्वतंत्रता के बाद यह पहला मौका नहीं है जब स्पीकर को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया हो। इससे पहले भी कुछ मौकों पर ऐसा प्रस्ताव लाया जा चुका है। वर्ष 1954 में पहली लोकसभा के स्पीकर जी. वी. मावलंकर के खिलाफभी ऐसा प्रस्ताव लाया गया था। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में ओम बिरला की तारीफकरते हुए कहा कि वे एक उत्कृष्ट सांसद और स्पीकर हैं, जो सदन को संविधान और संसदीय परंपराओं के अनुसार चलाते हैं और सभी पक्षों को साथ लेकर चलते हैं।

### पीएम मोदी ने नेपाल के बालेंद्र शाह को ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेपाल के भावी प्रधानमंत्री को चुनाव जीतने की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, चुनाव राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और के वरिष्ठ नेता बलेंद्र शाह से फोन पर सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई। पीएम मोदी ने लिखा, मैंने दोनों नेताओं को उनकी चुनावी जीत और नेपाल चुनावों में की शानदार सफलता पर बधाई दी। मैंने उनकी आगामी नई सरकार के लिए शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों की आपसी समृद्धि, प्रगति और खुशहाली के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## राष्ट्रपति बोलीं ममता मेरी छोटी बहन जैसी

## अखिलेश यादव बोले- युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों पर हो संसद में बहस

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग युद्ध क्षेत्र में फंसे हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। इसके साथ तमाम बड़े मुद्दे है, जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। अखिलेश ने सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि इस सरकार ने विदेश नीति को नीलाम कर दिया है। अमेरिका हमारी सरकार को हुकुम दे रहा है। कितने दिन तेल खरीदना है, कहां से खरीदना है, यह भी अमेरिका तय कर रहा है।



सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार युद्ध को लेकर अपनी राय साफकरे। युद्ध प्रभावित देशों में बड़ी संख्या में भारतीय फंसे हुए हैं। नौकरी पेशा, कामकाजी लोग और पर्यटक फंसे है। जो पत्रकार फंसे है, वे कैसे लौटेंगे। इन सबकी सुरक्षित वापसी का प्रश्न है। महंगाई बढ़ती जा रही है। लोगों के सामने संकट की स्थिति है। इन मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने क्रिकेट टी-2० विश्वकप पुनः जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम और देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। इटावा लायन सफारी में शावकों का जन्म पर जताई खुशी

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस बड़ी सोच के साथ हमने एशियाई शेरों के लिए इटावा लायन सफारी की शुरुआत की थी, वो सोच फलीभूत हो रही है। यहां एशियाई शेरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इटावा लायन सफारी पार्क में नीरजा शेरनी ने अपने तीसरे प्रसव में इस बार 4 शावकों को जन्म दिया है।

## एक नजर

### एससी बोला- पिता को वर्चुअली बच्चे से मिलवाने की कोशिश करें

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह कोशिश करे कि एक भारतीय पिता को उसकी नाबालिग बेटी से ऑनलाइन तरीके से जोड़ने की व्यवस्था की जाए। यह बच्ची अपनी रूसी मां के साथ रूस चली गई है और फिलहाल दोनों का सही ठिकाना पता नहीं चल पाया है। यह मामला एक कस्टडी विवाद से जुड़ा है। रूसी महिला अपने भारतीय पति से अलग रह रही थी और दोनों के बीच बच्चे की देखभाल को लेकर लंबे समय से कानूनी लड़ाई चल रही है। इसी दौरान महिला अपनी बेटी को लेकर भारत से निकलकर रूस पहुंच गई।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने कहा कि अभी महिला और बच्चे के ठिकाने की जानकारी सार्वजनिक न की जाए और फिलहाल उन्हें भारत वापस लाने की कोशिश भी न की जाए। अदालत ने कहा कि कूटनीतिक स्तर पर प्रयास करके पिता और बच्चे के बीच वर्चुअल संपर्क स्थापित करने की कोशिश की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि रूस में मौजूद भारतीय दूतावास वहां की सरकार से संपर्क करके महिला और बच्चे का पता लगाने की कोशिश करे, ताकि कम से कम पिता और बच्चे के बीच बातचीत कराई जा सके। मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि बच्चे का पता लगाने के लिए कई कोशिशें की गईं। भारत और रूस के विदेश सचिवों के बीच बातचीत भी हुई और इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। महिला 2०19 से भारत में रह रही थी और एक्स-1 वीजा पर आई थी। उसका वीजा खत्म हो चुका था, लेकिन मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उसका वीजा समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा। पिछले साल 21 जुलाई को अदालत को बताया गया।

## सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में तय होगा एसआईआर मामला, सुनवाई न होने पर टीएमसी ने जताई नाराजगी

पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के प्री-पोल परामर्श बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उनकी चिंताओं को सुना ही नहीं गया।



बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी की तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को बताया गया कि चूंकि इस मुद्दे पर टीएमसी सुप्रीम कोर्ट गई है, इसलिए यह वहां तय होगा और चुनाव आयोग का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू, विवेक जोशी और पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज अग्रवाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से न्यू टाउन, कोलकाता के एक होटल में चर्चा की। भट्टाचार्य ने कहा मैं महिला हूं और मुझसे कहा गया 'चिल्लाओ मत'। जब हम लोगों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, तो हमें क्यों नहीं अपनी आवाज उठाने दी जा रही? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बार-बार सुप्रीम कोर्ट में मामला होने का हवाला दिया। भट्टाचार्य ने सवाल उठाया अगर मामला सुप्रीम कोर्ट में है, तो हमें बैठक में बुलाने का क्या मतलब था? बुलाया है तो हमारी बातें क्यों नहीं सुनी जा रही हैं?

कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम ने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों की झूठी छवि बनाई जा रही है, जिससे असली भारतीय नागरिकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो महीनों में कोई भी घुसपैठिया या रोहिंग्या नहीं पकड़ा गया, लेकिन सामान्य नागरिकों को लंबी कतारों में खड़ा किया जा रहा है, कई लोग बीमार पड़ गए और कुछ की मृत्यु हो गई। हाकिम ने कहा कि मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और असली नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाना असंवैधानिक होगा। भट्टाचार्य और हाकिम ने कहा कि चुनाव आयोग से कितने चरणों में चुनाव कराने की मांग है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। सबसे अहम यह है कि असली वोटर ठश्रच् के प्रभाव में आकर सूची से न हटें। टीएमसी प्रतिनिधि मंडल में पूर्व डीजीपी और राज्यसभा उम्मीदवार राजीव कुमार भी शामिल थे।

## दोनों डिप्टी सीएम की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, देर से उड़ी उड़ान

**लखनऊ।** अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई जिसकी वजह से वह परेशान हुए। कोलकाता जाने वाली फ्लाइट उड़ान भरने से पहले ही आई तकनीकी खराबी की वजह से एक घंटे लेट हुई। तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट को एप्रन तक वापस लाया गया। इसके बाद जब इंजीनियरों ने ठीक किया तब जाकर फ्लाइट रवाना हो सकी। फ्लाइट में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक दोनों सवार थे। जानकारी के मुताबिक, तकनीकी खराबी की वजह से विमान को रनवे से पहले ही रोक दिया गया। इससे यात्री करीब एक घंटे तक फ्लाइट में ही फंसे रहे। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-5०5 सुबह 7 बजकर 4० मिनट पर लखनऊ से कोलकाता के लिए उड़ान भरती है। सोमवार को भी फ्लाइट की बोर्डिंग समय से हुई। रनवे की ओर बढ़ते समय पायलट ने तकनीकी खराबी महसूस की तो एटीसी को सूचना दी। साथ ही ग्रांउड स्टाफसे मदद मांगी। इस बीच इंजीनियरों ने विमान की गड़बड़ी का पता लगाकर उसको दुरुस्त किया। इस कवायद में करीब एक घंटा लग गया। इस दौरान दोनों उप मुख्यमंत्री विमान में ही बैठे रहे। यह फ्लाइट लखनऊ से 8रू43 बजे रवाना हुई और 1०:21 बजे कोलकाता में उतरी।

## मजनू का टीला से लोहा पुल तक बनेगी 4.7 किलोमीटर बाढ़ रोधी दीवार

### दिल्ली यमुना की बाढ़ से बचाव की तैयारी

**दिल्ली।** मानसून के दौरान यमुना का जलस्तर बढ़ने पर दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगता है। वर्ष 2०23 में आई बाढ़ ने राजधानी के आइटीओ और सिविल लाइंस जैसे अहम क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे कई दिनों तक जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। पिछले वर्ष भी मजनू का टीला और बेला रोड क्षेत्र के लोगों को बाढ़ के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।



इन हालातों को देखते हुए सरकार ने मजनू का टीला से लेकर कश्मीरी गेट के पास स्थित लोहा पुल तक रिंग रोड के किनारे बाढ़ रोधी दीवार बनाने का फैसला किया है। इस परियोजना का उद्देश्य यमुना के बढ़ते जलस्तर के दौरान रिंग रोड और आस-पास के रिहायशी इलाकों को पानी भरने से बचाना है।

दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा के अनुसार राजधानी में बाढ़ नियंत्रण को लेकर लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष यमुना का जलस्तर 2०7.88 मीटर तक पहुंचने के बावजूद स्थिति अपेक्षाकृत नियंत्रण में रही। भविष्य में जलस्तर बढ़ने की स्थिति में लोगों को परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए इस दीवार के निर्माण का निर्णय लिया गया है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक करीब 5० करोड़ रुपये की लागत से इस दीवार का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। लगभग 4.72 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट में करीब 85० मीटर का हिस्सा अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र माना गया है, जहां कंक्रीट की मजबूत दीवार बनाई जाएगी। बाकी हिस्से में ईंट या पत्थर से दीवार का निर्माण होगा। इसकी औसत ऊंचाई लगभग छह फीट रखी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि दीवार बनने के बाद यमुना का पानी रिंग रोड के साथ-साथ आसपास के बाजारों और रिहायशी इलाकों में नहीं पहुंच पाएगा, जिससे बाढ़ के दौरान होने वाली परेशानियों में काफी कमी आएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यमुना की तलहटी में लगातार जमा हो रही गाद और डूब क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के कारण नदी की जलधारण क्षमता घटती जा रही है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में घमासान देखने को मिला है। विदेश मंत्री की तरफ से सदन में पश्चिम एशिया में व्याप्त संकट पर बयान दिया गया। लेकिन इसके बाद से विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, श्पश्चिम एशिया संकट से कितना नुकसान होगा? एक बड़े बदलाव की लड़ाई चल रही है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। आपने शेयर बाजार देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है। देश को बड़ा झटका लगने वाला है। तो फिर इस पर चर्चा करने में उन्हें क्या दिक्कत है?



राहुल गांधी ने आगे कहा कि, शहम इसके बाद दूसरे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा महत्वपूर्ण नहीं है? ईंधन की कीमतें और आर्थिक तबाही चर्चा के महत्वपूर्ण विषय नहीं हैं? ये सार्वजनिक मुद्दे हैं। हम इन्हें महत्वपूर्ण मानते हैं और इन पर चर्चा करना चाहते हैं... लेकिन वे चर्चा नहीं करना चाहते क्योंकि इससे और भी बातें सामने आएंगी, प्रधानमंत्री की छवि खराब होगी। उनकी छवि खराब होगी और उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है, ये सब सामने आएगा। इसलिए वे चर्चा नहीं करना चाहते। आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से कैसे भाग गए। मैं आपको बता रहा हूं, वे नहीं आ पाएंगे।


वहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को एशिया के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह हालात केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। साथ ही भारत की वैश्विक छवि और सामर्थ्य पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 55 प्रतिशत जरूरतें पश्चिम एशिया से होने वाले आयात से पूरी करता है। यदि उस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है तो उसका सीधा असर हमारे देश की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है।

खरगे ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से कहा, श्मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे यह मुद्दा उठाने का अवसर दियाश् खरगे ने कहा कि वह नियम 176 के तहत तहत उभरती चुनौतियों के संदर्भ में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के विषय पर अल्पकालिक चर्चा की अनुमति का अनुरोध करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एशिया के उस क्षेत्र में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और आजीविका वहां की स्थिरता पर निर्भर करती है। हाल की घटनाओं में कुछ भारतीय नागरिकों के मारे जाने या लापता होने की खबरें भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 6० रुपये की बढ़ोतरी भी आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है। भारत हर साल लगभग 51 बिलियन अमेरिकी डॉलर का तेल आयात करता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था और परिवारों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ विषय है। इसलिए इन अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है।

## संभल में मस्जिद-दरगाह और मकान पर चलेगा बुलडोजर, सरकार जमीन पर है कब्जा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद के चंदौसी मार्ग पर स्थिति गांव सैफ खां सराय में सरकारी जमीन पर मस्जिद, दरगाह और मकान का निर्माण पाया गया है। इस मस्जिद और दरगाह की जिम्मेदारी संभल शहर की जामा मस्जिद के इमाम संभालते हैं।



मकान में जामा मस्जिद के इमाम और उनके भाई का परिवार रहता है। इमाम का कहना है कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। जहां पहले से ही दरगाह बनी थी। बाद में उनके पिता की मजार बनाई गई।

मस्जिद का निर्माण भी वर्षों पहले किया गया था। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि जांच पड़ताल में सरकारी जमीन पर निर्माण पाया गया है। संभल तहसीलदार के न्यायालय से सोमवार को सरकारी जमीन घोषित की गई है। इसमें बताया गया है कि गाटा संख्या 452 की ०.134० हेक्टेयर जमीन पर अवैध निर्माण किया हुआ है। जिसपर दरगाह, मस्जिद और मकान बना है। कुछ जमीन नजदीक में खाली पड़ी है। मालूम हो 2०16 और 2०17 में सरकारी जमीन होने का दावा करते हुए शिकायत की गई थी। बाद में मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा था। लेकिन आगे की कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। वहीं, दूसरी ओर एक शिकायत तहसीलदार न्यायालय में भी दर्ज कराई गई थी। उसमें सुनवाई के दौरान अब कब्जा मुक्त किए जाने का आदेश किया गया है।

## स्कूल में नमाज पढ़वाने के मामले की दो सदस्यीय टीम करेगी जांच

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लॉक अंबियापुर के गांव रिसौली स्थित जूनियर हाईस्कूल में सामूहिक रूप से नमाज अदा कराए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला शासन स्तर तक पहुंच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। बीएसए ने इस मामले में जांच को दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।रिसौली के जूनियर हाई स्कूल परिसर में सामूहिक रूप से नमाज अदा किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद विभिन्न संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद यह प्रकरण जिले से होते हुए शासन स्तर तक पहुंच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह टीम पूरे प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट बीएसए को सौंपेगी। जांच के दौरान स्कूल के शिक्षकों, स्टाफऔर अन्य संबंधित लोगों से भी जानकारी ली जाएगी। बताया जा रहा है कि टीम स्कूल पहुंचकर यह पता लगाएगी कि नमाज किस परिस्थितियों में पढ़वाई गई और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी मिलने के बाद मामले का तुरंत संज्ञान लिया गया है। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है, जो जल्द ही मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई होगी। -वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

## आलू के कम दाम को लेकर सपा का विरोध प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**खंदौली।** (आगरा)। आलू के उचित दाम न मिलने से नाराज किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे के खंदौली टोल प्लाजा पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आलू की बोरियां रखकर और आलू सड़क पर फैलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि यदि यमुना एक्सप्रेसवे पर आवागमन बाधित किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस की समझाइश पर प्रदर्शन शांतिपूर्वक जारी रहा। सपा नेताओं ने कहा कि इस वर्ष आलू की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

बीज, खाद, दवा, मजदूरी और सिंचाई पर भारी खर्च करने के बाद भी किसान लागत निकालने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतगृह संचालकों और व्यापारियों की मनमानी के कारण किसानों को मजबूरी में आलू सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है। सपा नेताओं ने सरकार से



आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग करते हुए कहा कि कम से कम 1800 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल सके। प्रदर्शन के दौरान सपा जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश बघेल, वीरेंद्र सिंह चौहान,पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पाल,मनोज कुशवाह,विपिन शर्मा सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर योगियों ने देखी केरला 2

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्रज योगा पार्क ट्रांस यमुना के भाई बहिनों ने नारी सशक्तिकरण और उसके सम्मान में श्री टॉकीज में केरला 2 मूवी देखी, जिससे सभी को नारियों के प्रति सम्मान की प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर अंजू सिंह, मंजू यादव, राखी शर्मा, गुंजन गुप्ता, रानी देवी, लक्ष्मी गोयल, देविका, विनीता, मीरा देवी, श्याम किशोर शर्मा, लोकेश गुप्ता, भोला विश्वास, ब्रजेश, राम मोहन, नेमीचंद आदि ने देखी।

## फसल की रखवाली करने गए युवक का मिला शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उझानी।** गंगा की कटरी के गांव सराय स्वाले निवासी युवक की गेहूं की फसल की रखवाली करते समय संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव खेत में पड़ा मिला। उनकी नाक के पास सर्पदंश का निशान नजर आया। पुलिस और परिजनों ने मौत सर्पदंश से बताते हुए शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। घटना शनिवार रात की बताई गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय स्वाले निवासी राजेश कुमार (43 साल) पुत्र स्व. वेदराम के खेत गांव के पास कटरी में हैं। शाम को वह छुट्टा जानवरों से खेत में गेहूं की रखवाली करने गए थे। रविवार सुबह करीब सात बजे उन्हें चाय पहुंचाने के लिए बहन शकुंतला खेत पर गई तो उन्हें भाई राजेश मचान के पास बेहोश पड़े मिले। उनकी नाक के पास सर्पदंश के दो निशान थे। शकुंतला की चीख-पुकार के बाद आसपास खेतों से कई ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राजेश के शरीर में सांस बताकर परिवार के अन्य लोगों को भी बुला लिया। ग्रामीणों की मौजूदगी में परिवार के लोग राजेश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्साधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने देखते ही उन्हें पहले से मृत घोषित कर दिया। कछला चौकी इंचार्ज कपिल कुमार समेत पुलिस कर्मियों ने मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी की। मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि सांप ने राजेश को नाक के पास डस लिया था। सर्पदंश की वजह से उनके भाई की मौत हुई है। उन्हें राजेश के जीवित रहते इंजेक्शन लगवाने का मौका भी नहीं मिल पाया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। राजेश की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। राजेश कुमार अपने पिता की पांच संतानों में सबसे छोटे थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि राजेश शाम को जब खेत पर जाने के लिए निकले तो उन्हें रुक जाने के लिए कहा गया था। दूसरे भाई ने उनकी बजाय खेत पर खुद जाने की बात कही थी, लेकिन वह नहीं माने। बहन शकुंतला अपने सबसे छोटे भाई की असमय मौत से बदहवास है।

## फुटपाथ से अस्थायी फड़ हटाए जाने पर स्थानीय किसानों में रोष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** श्रच रुप द्वारा बने नोएडा एक्सप्रेसवे कुबेरपुर कट निर्माण के दौरान क्षेत्र के कई स्थानीय किसानों की जमीन अधिग्रहित हो गई थी। जमीन जाने के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। ऐसे में कुछ किसानों और ग्रामीणों ने अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए एनएच-2 पर बने फुटपाथ के किनारे अस्थायी फड़ और छोटी-छोटी दुकानें लगाकर दो वक्त की रोटी कमाने का सहारा लिया। लेकिन 22 दिसम्बर को एनएच-2 के कर्मचारियों और क्षेत्रीय



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फुटपाथ पर लगी इन अस्थायी दुकानों को हटवा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से फड़ लगाकर गुजारा करने वले परिवारों पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि उनकी जमीन पहले ही अधिग्रहित हो चुकी है और अब यही छटा-मोटा कारोबार उनके परिवार का सहारा था। फड़ संचालकों का आरोप है कि बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए उनकी दुकानें हटा दी गईं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

वहीं प्रशासन का कहना है कि फुटपाथ और हाईवे किनारे अतिक्रमण होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए यह कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित हुई है, उनके लिए वैकल्पिक रोजगार या दुकान लगाने की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि उनके परिवारों का भरण-पोषण हो सके।

## सार-संक्षेप

### विधायक सैय्यदा खातून ने मौके पर पहुंचकर सुनी समस्या



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शनिवार की शाम प्रशासन द्वारा डुमरियागंज में ही रोक दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से नाराज कार्यकत्रियों ने विरोध जताते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।मौके पर डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून व उनके पति डाक्टर जहीर अहमद मलिक ने मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओ को सुना और उनकी समस्या विधानसभा मे उठाने का आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार डुमरियागंज, क्षेत्र की बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां अपने अधिकारों और मांगों को लेकर लखनऊ कूच कर रही थीं, जहां उन्हें प्रदेश स्तर पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में भाग लेना था। लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें डुमरियागंज में ही रोक दिया। इससे नाराज कार्यकत्रियों ने रात से ही विरोध शुरू कर दिया और अपनी मांगों को लेकर डटे रहने का ऐलान किया।रविवार को डुमरियागंज ब्लॉक प्रांगण में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां एकत्रित रहीं और अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखा। इस दौरान कार्यकत्रियों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने, स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने तथा अन्य लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। उनका कहना है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां वर्षों से बच्चों के पोषण, शिक्षा और महिला कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। धरना दे रही आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री और सहायिकाओ के समर्थन में डुमरियागंज की विधायक सैय्यदा खातून आगे आईं। रविवार को उनके निर्देश पर डुमरियागंज ब्लॉक परिसर में धरनारत कार्यकत्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई। विधायक सैय्यदा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की यह लड़ाई उनके हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है और इसमें उनका पूरा समर्थन रहेगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी बहनें समाज में बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सड़क से लेकर विधानसभा तक मजबूती के साथ उठाया जाएगा, ताकि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनका अधिकार मिल सके।धरना-प्रदर्शन के दौरान आंगनवाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की प्रदेश महामंत्री प्रभावती देवी ने कार्यकत्रियों से एकजुट होकर अपनी मांगों को पूरा होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही। उनके अनुसार, जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान डाक्टर जहीर मलिक, शीश कुमार गौतम, नसीबुललाह, राधिका, किशलावती, आदि लोग मौजूद रहे।

## डंपर ने वाहन में मारी टक्कर, खनन अधिकारी को मारने की कोशिश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान एक डंपर चालक ने खनन अधिकारी के वाहन में टक्कर मार दी। मौके से भागने की कोशिश की, टीम ने पीछा कर करीब पांच किलोमीटर दूर जाकर डंपर को पकड़कर उसे सीज कर दिया।रविवार को खनन विभाग की टीम अवैध खनन के खिलाफअभियान चला रही थी। इसी दौरान इस्लामनगर क्षेत्र में टीम को अवैध रूप से खनन सामग्री ढो रहे वाहनों की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की तो एक डंपर चालक ने बचने के




लिए तेज गति से वाहन भगाते हुए खनन अधिकारी की गाड़ी में टक्कर मार दी। इससे कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। टीम ने तत्काल पीछा करते हुए करीब पांच किलोमीटर दूर जाकर डंपर को पकड़ लिया। इसके बाद वाहन को सीज कर दिया गया। इस मामले में चालक के खिलाफकानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं अभियान के दौरान इस्लामनगर क्षेत्र से दो डंपर और एक लोडर को भी अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर पकड़ा गया। इसके अलावा वजीरपुर क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को लोडर सहित पकड़कर सीज किया गया है। खनन विभाग के अनुसार, जिले में अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों और लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मेरे वाहन में एक डंपर ने टक्कर मार दी। पांच किलोमीटर दूर जाकर एक डंपर को पकड़ा है। डंपर को थाने में सीज कर दिया गया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। -गुलशन कुमार, जिला खान अधिकारी।

## आगरा के लोहा मंडी में जूता फैक्ट्री में भीषण आग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** आगरा के थाना लोहा मंडी क्षेत्र के खाती पाड़ा में आलमगंज पुलिस चौकी के पीछे जूता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। घनी आबादी के बीच लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। संकरी गलियों के कारण दमकल को पहुंचने में दिक्कत हुई, लेकिन दो दमकल गाड़ियों और पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझने से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री में जूते बनाने का काम किया जाता है, जिसमें भारी मात्रा में केमिकल और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल होता है। आग लगने के बाद इन केमिकल्स के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के मकानों में भी आग फैलने का खतरा पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन संकरी गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों को फैक्ट्री तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद दमकल विभाग की दो गाड़ियों और पुलिस की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घनी आबादी के बीच कई वर्षों से जूते बनाने का काम किया जा रहा है ।

## हर क्षेंत्र मे अपनी योग्यता और सफलता का परचम लहरा रही है महिलाए

**अमर भास्कर ब्यूरों**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जनपद के उसका बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार की देर शाम को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बीपीएम मनीष पांडेय ने किया। कार्यक्रम मे महिलाओ की योग्यता और सफलता का गुणगान किया गया। महिला दिवस कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ एसके पटेल ने विश्व की सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का जीवन संघर्ष, समर्पण और प्रेरणा से परिपूर्ण होता है साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इतिहास साक्षी है कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल या कला हो, महिलाओं ने चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की है।डॉ एसके पटेल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को सम्मान, अधिकार और समानता मिलनी चाहिए। यह दिन महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि महिलाओं का हर कदम समाज को प्रगति की ओर ले जाता है और उनकी शक्ति, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने खाया विषाक्त पदार्थ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं के सदर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मपुर कश्यप वाली गली निवासी 30 वर्षीय शिवकुमार साहू का पिछले चार-पांच दिनों से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। इसी तनाव से परेशान होकर शिवकुमार साहू ने रविवार शाम घर



में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुंदरकांड में बालाजी महाराज का सजा दरबार ग्रामीण वासी भक्ति में हुए लीन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** आगरा एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव प्राप्त हुआ डर में बालाजी महाराज का सजा दरबार ग्रामीणों ने जमकर की पूजा अर्चना उमड़ा जन सैलाब नन्ही परी सौम्या सिकरवार के जन्मदिन पर गांव पराग गोवर्धन में सुंदरकांड का हुआ आयोजन जमकर ग्रामीणों हुए भक्ति में लीन व्यास पीठ के अचार नितिन उपाध्याय के दौरान सुंदरकांड का भव्य आयोजन हुआ आचार्य उपाध्याय जी के द्वारा चले सुंदरकांड में हनुमान जी की गाथा का किया गुणगान ग्रामीणों ने भरपूर लिया आनंद जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजन के दौरान सुंदर भजन और मंगल गीतों के साथ ग्रामीणों ने किया जमकर नित्यागन उसे दौरान ग्रामीणों



ने व्यास पीठ पर जमकर की पुष्प व्यवस्था आयोजन के दौरान उमड़ा जन सैलाब महिलाओं ने छोटी-छोटी बच्चियों ने और ग्रामीणों ने सुंदर-सुंदर भजनों पर जमकर छोटी बच्ची के जन्मदिन पर जमकर मनाया उत्सव इसी दौरान समाजसेवी श्याम सिंह राकेश अग्रवाल दीपू सिकरवार उदयवीर सिकरवार विमल सिकरवार हैप्पी शुक्रवार आयुष अग्रवाल महेश परमार परमोद सिकरवार ग्राम बस्थीपुरा गोवर्धन के रहे मौजूद जन्मदिन के उपलक्ष में हुए सुंदरकांड के दौरान महिला और बच्चों ने जमकर किया डांस उसके दौरान आचार्य जी ने बच्ची के जन्मदिन के उपलक्ष में जमकर गए बधाइयां सुंदरकांड रामपुर गोवर्धन में बना चर्चा का विषय आचार्य जी का कहना है।

कि मैं अपने जीवन में पहली बार किसी बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष में पहली बार सुंदरकांड का रहा हूं यह मेरा सौभाग्य है लोग तो बेटे के जन्मदिन में सुंदरकांड करते हैं आयोजन के दौरान ग्राम वासियों ने भरपूर लिया आनंद सुंदरकांड के समापन के बाद भजन कीर्तन और आरती और हनुमान चालीसा का ग्रामीणों को बड़े सुंदर से आचार्य जी द्वारा तभी ऐसे ऐसे बड़े आयोजन होते हैं ।

## बरेली होकर दो वंदे और तीन अमृत भारत एक्सप्रेस का होगा संचालन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली ।** अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में बरेली होते हुए रेलवे दो वंदे और तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन करेगा। इन गाड़ियों के लिए उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। बरेली होते हुए वंदे भारत स्लीपर का संचालन भी प्रस्तावित है। एक अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन अप्रैल के अंत तक शुरू हो जाएगा। रेलवे ने हाल ही में छह साल से संचालित हो रही अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी विशेष गाड़ी (04653-54) को नियमित का दर्जा देते हुए अमृत भारत के रूप में नए नंबर 14664-63 से संचालन का निर्णय लिया है। यह गाड़ी अप्रैल अंत तक संचालित होने लगेगी। बरेली होते हुए देहरादून-लखनऊ, सहारनपुर-गोमती नगर और मेरठ-वाराणसी वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है।

बरेली होते हुए बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार, हावड़ा-आनंद विहार और छपरा-अमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस भी गुजरती हैं। उत्तराखंड के देहरादून के लिए वंदे भारत से कनेक्टिविटी मिल गई है। लेकिन कुमाऊं रीजन के काठगोदाम, लालकुआं, रामनगर, टनकपुर अब तक वंदे भारत और अमृत भारत से अछूते हैं।

# जे.एस. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जे. एस. (पी.जी.) कॉलेज, बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर विकास यादव, प्राचार्य डॉ. निशि अवस्थी, शिक्षकगण तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉलेज के उपप्राचार्य राहुल कुमार ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं तथा समाज के सर्वांगीण विकास में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर महान महिलाओं के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया और महिलाओं के सम्मान व समान अधिकारों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज परिवार के सदस्य डॉ. अंशुमन गुप्ता, पूजा रानी, फिरदौस बी, योगेंद्र कुमार, आकाश कुमार, ललित सिंह, सुधीर यादव, सना खान, बेबी तरन्नुम तथा कॉलेज मीडिया प्रभारी सुनील कुमार भास्कर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं के सम्मान और समान अधिकारों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी छविराम सिंह द्वारा किया गया। अंत में सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## युवा को कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचें

**बदायूं।** आत्माराम महाविद्यालय अलापुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई की। महाविद्यालय के संस्थापक डा. मनीराम मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज का निर्माण स्वच्छता से ही संभव है। प्राचार्य डा. विषेश कुमार ने कहा कि युवा को कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचें।

# होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 मार्च को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही प्रेरणादायी महिलाओं एवं अधिकारियों को सम्मानित करना तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर महिला थाना बदायूँ की थाना प्रभारी एवं उनकी पूरी टीम को समाज में महिलाओं की सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की सचिव कोमल श्रीवास्तव तथा काशिश सक्सेना (सहायक विधिक रक्षा अधिवक्ता) को भी स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से जिला समन्वयक छवि वैश्य तथा लैंगिक समानता विशेषज्ञ प्रीति चौहान को भी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की महिला सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीमती सुमन वर्मा, श्रीमती पूनम सागर, स्वयंसेवक कुमकुम तथा प्रगति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था द्वारा उनकी सक्रिय सहभागिता और समर्पण के लिए उन्हें भी पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सार-संक्षेप

### अग्निवीर सेना भर्ती रैली में 12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी लेंगे भाग

**बदायूं।** भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर सेना भर्ती को लेकर बरेली में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भर्ती रैली का आयोजन जाट रेजीमेंट सेंटर, बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च 2026 तक किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। सेना भर्ती रैली के दौरान बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद तथा बदायूँ जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग को अधिक से अधिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाएगी तथा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं दलालों से दूर रहें। सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने एडमिट कार्ड पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार भर्ती स्थल पर समय से पहुंचें, एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अपने साथ रखें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आएं। जिन अभ्यर्थियों को किसी कारणवश ई-मेल आईडी से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या हो रही है, वे सेना भर्ती कार्यालय, बरेली में प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं। भर्ती रैली के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च 2026 को अग्निवीर (टेक्निकल) के लिए सभी 12 जनपदों के अभ्यर्थी, 12 मार्च 2026 को अग्निवीर (ट्रेड्समैन 8वीं एवं 10वीं) तथा अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) के लिए सभी 12 जनपदों के अभ्यर्थी, 13 मार्च 2026 को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती एवं लखीमपुर खीरी जनपद के अभ्यर्थी, 14 मार्च 2026 को शाहजहांपुर एवं सीतापुर, 15 मार्च 2026 को संभल एवं पीलीभीत, 16 मार्च 2026 को हरदोई, 17 मार्च 2026 को फर्रुखाबाद, 18 मार्च 2026 को बदायूँ तथा 19 मार्च 2026 को बरेली जनपद के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

### 11 मार्च को महिला आयोग सदस्या करेंगी जनसुनवाई

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद के लोक निर्माण विभाग, बदायूं के गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे समस्त सूचनाओं सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता करें, साथ ही उन्होंने जनपद की समस्त महिलाओं से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

### मनरेगा कर्मियों ने तंगहाली को लेकर विरोध प्रर्दशन किया

**बिसौली।** उ. प्र. ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बिसौली खण्ड विकास कार्यालय पर मनरेगा कर्मियों ने एकत्रित होकर आर्थिक तंगहाली को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एडीओ पंचायत धनंजय सक्सेना को जिला अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सोमवार को उ. प्र. ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष कल्यान सिंह यादव के नेतृत्व में मनरेगा कर्मियों ने ब्लाक परिसर पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कल्यान सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले पच्चीस - तीस माह से ग्राम रोजगार सेवकों को मानदेय एवं ईपीएफका भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार हमसे दिन-रात तमाम विभागीय कार्य ले रही है, लेकिन जब वेतन देने की बात आती है तो हाथ खड़े कर लिए जाते हैं। पच्चीस - तीस माह से मानदेय न मिलने के कारण मनरेगा कर्मी अब भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि घर का राशन और दवाइयां का खर्च उठाना भी दूभर हो गया है। ज्ञापन के दौरान उ. प्र. ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष कल्यान सिंह यादव, राजपाल, सुष्मिता, गौरव गांधी धर्मेंद्र सिंह, शिवऔतार, सतीश चंद्र, पृथ्वीराज, नंदकिशोर, पवन कुमार, अशोक, मीना शर्मा, प्रेम शंकर, अतुल कुमार, विनय कुमार, विजयपाल सिंह, अवनीश कुमार, मुकेश पाल सिंह, श्याम सिंह, नितेंद्र कुमार, लालाराम, राजेश यादव, कृष्णा वीर, रामनिवास, सत्येंद्र कुमार, संजीव कुमार, राधा चरन आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को किया गया जागरूक और सम्मानित

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सैदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के के.के. कॉन्वेंट स्कूल, सैदपुर में आरटीएम सोसायटी के कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं के साथ महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों तथा सामाजिक जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में आरटीएम सोसायटी की निदेशक निदा खान ने अपने सहयोगियों के साथ गरीब, मलिन एवं दलित बस्तियों की महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ केक काटकर महिला दिवस मनाया गया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वार्ड संख्या 11 के सदस्य आजम हुसैन तथा समाजसेवी फरीदा खान ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में इकरार खान ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान अलिना खान, अंजलि सागर और जुनैद खान ने महिलाओं को जागरूकता संबंधी पत्रिकाएँ वितरित कीं। इस अवसर पर शहाना, रेहाना, रश्मि, शारदा, इल्मा, परवीन, रुखसाना, नगमा सहित अनेक महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कोमल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप 14 मार्च 2026 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, विवेक संगल की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।




उन्होंने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है, लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति के लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएँ, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल-कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन०आई०एक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है।

उन्होंने जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/ विवादों को निस्तारित करवाकर 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफ्ल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# फिरोजाबाद पुलिस ने किये 60 मोबाइल बरामद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस एसओजी टीम द्वारा थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल, पर अपने मोबाइल गुम होने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल 60 मोबाइल भिन्न-2 कम्पनियों के बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किया गया । बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जनपद में अब तक कुल 1092 मोबाइल भिन्न-2 जनपद राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्तापित कर बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हें। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का आभार प्रकट किया गया। भारत सरकार द्वारा देश भर में गुम हुए मोबाइलों की शिकायत दर्ज करने हेतु सीईआईआर पोर्टल चलाया जा रहा है। जिस पर आवेदक अपने गुम हुए मोबाइल की शिकायत स्वयं दर्ज कर सकते है। मुख्यालय स्तर से गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में कार्यवाही की गई है।



# वांछित अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी टूण्डला के पर्यवेक्षण में सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. समीक उर्फ चिली पुत्र हृदेश बिहारी नि० अलीनगर कैंजरा थाना टूण्डला फिरोजाबाद। 2. कृष्णकान्त उर्फबिल्लू पुत्र राधेश्याम नि० अलीनगर कैंजरा थाना टूण्डला फिरोजाबाद को 01-01 अवैध तमंचा व 01-01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया वादी हिमांशु मितल पुत्र अशोक मितल निवासी 70 जैन नगर खेडा थाना उत्तर फिरोजाबाद ने तहरीर दी कि अभियुक्तगण 01.समीक उर्फचिल्ली व 02. सनी उर्फतितली पुत्रगढ हृद्रेश बिहारी 03. विष्णु पुत्र छोटेलाल 04. कृष्णकांत पुत्र राधेश्याम निवासीगढ अलीनगर कैजरा व दो- तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ मोटर साईकिल व दो अन्य मोटर साइकिल के साथ वादी के पिता अशोक मितल व सैल्स मैन विनोद कुमार निवासी गांव बैदी थाना उत्तर के साथ एक राय होकर मारपीट कर गाली गलौज करना तथा जान से मारने की नियत से फायर करना तथा जान से मारने कीधमकी देने के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. समीक उर्फचिली पुत्र हृदेश बिहारी नि० अलीनगर कैंजरा थाना टूण्डला फिरोजाबाद , 2. कृष्णकान्त उर्फबिल्लू पुत्र राधेश्याम नि० अलीनगर कैंजरा थाना टूण्डला फिरोजाबाद को फतेहाबाद रोड होटल जय पैलेस से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण कि निशान देही के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा हुयी घटना में प्रयुक्त 01-01 तमंचा 315 बोर व 01-01 जिन्दा कारतूस को बरामद किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।




# पड़ौवा और रसूलपुर एनएसएस शिविरों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे हुए कार्यक्रम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का रसूलपुर बिल्हरी तथा तृतीय इकाई का पडौआ ग्राम में चल रहे सात दिवसीय शिविरों के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक उन्मूलन दिवस मनाया गया। लक्ष्मीबाई इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति बिश्नोई के नेतृत्व में छात्राओं ने वृक्षारोपण, वृक्ष सुरक्षा और प्लास्टिक मुक्त अभियान पर ग्रामीणों को जागरूक किया। सावित्रीबाई टोली एवं रानी लक्ष्मीबाई टोली की स्वयंसेविकाओं ने डोर-टू-डोर सर्वे कर सूखे-गीले कचरे के अलग-अलग संग्रह तथा कपड़े के थैलों के उपयोग का आह्वान किया।




बौद्धिक सत्र में श्पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक उन्मूलन पर संगोष्ठी हुई, जिसमें मुख्य वक्ता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि पर्यावरणकृहवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति और जीव-जंतुओं का समूहकृसंतुलित जीवन का आधार है, लेकिन प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग इसे खतरे में डाल रहा है। सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बबीता यादव ने प्लास्टिक कचरे से जल-भूमि प्रदूषण और जीव-जंतुओं की मृत्यु पर चिंता जताई तथा वृक्षारोपण और प्लास्टिक ह्रास की आवश्यकता बताई। शिविर में वैष्णो देवी, सरिता यादव, वैष्णवी मिश्रा, शिवानी, अंशिका शर्मा, पूर्णिमा तोमर, मुस्कान, महिमा, भावना सागर आदि छात्राएं सक्रिय रहीं। एनएसएस अम्बेडकर इकाई के रसूलपुर में चल रहे शिविर में छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण की जनजागरूकता रैली निकाली, जो पूरे गांव का भ्रमण कर प्राथमिक विद्यालय पर सभागार में परिवर्तित हुई। मुख्य वक्ता डॉ. रविंद्र सिंह यादव, विशिष्ट वक्ता डॉ. बबीता यादव, डॉ. सारिका शर्मा एवं डॉ. जुनेद आलम ने व्याख्यान दिए। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने किया। ललिकराम, मोहिनी वार्ष्णेय, ऋद्धु पाठक, रोशनी, शीतल, अनामिका मिश्रा, रजनी आदि सक्रिय रहे।

### एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समारोहपूर्वक समापन

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास के एनएसएस की स्वामी विवेकानंद इकाई का ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन सड़क सुरक्षा दिवस आयोजित कर समारोह पूर्वक हुआ। अंतिम दिन को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया गया स्वयंसेवियों ने वाहन चालकों को रोककर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए निवेदन किया। मुख्य अतिथि कौशल विकास मिशन के संचालक अमरदीप राठौर ने विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्श और दर्शन के प्रति समझ विकसित करनी होगी । मुख्य वक्ता डॉ प्रेमचन्द चौधरी ने कहा कि विश्व शांति को स्थापित करने के लिए भारत जैसे शांतिप्रिय देश को मजबूत करना जरूरी है और भारत की अखंडता राष्ट्रीय एकता से ही संभव है। हम सभी को व्यक्तिगत स्वार्थ त्याग कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए त्याग की भावना को विकसित करना होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ बबीता यादव डॉ सारिका शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## संपादकीय

# जेडीयू में निशांत की एंट्री परिवारवाद या सियासी जरूरत?



बिहार की राजनीति में कभी-कभी ऐसे मोड़ आते हैं जो केवल एक व्यक्ति की एंट्री नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक ढांचे की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। जनता दल यूनाइटेड में निशांत कुमार का औपचारिक प्रवेश भी ऐसा ही एक क्षण है। लंबे समय तक राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे का पार्टी की सदस्यता लेना महज पारिवारिक घटना नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक युग के अंत और दूसरे युग की शुरुआत का संकेत भी माना जा रहा है जिसमें जेडीयू की पहचान पूरी तरह नीतीश कुमार के व्यक्तित्व से जुड़ी रही है।करीब दो दशकों तक बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार निर्णायक भूमिका में रहे। 2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली तो राज्य की पहचान अव्यवस्था, अपराध और कमजोर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई थी। उसके बाद सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में कई योजनाएं लागू की गईं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, साइकिल योजना और छात्रवृत्ति कार्यक्रम जैसे फैसलों ने उन्हें सुशासन बाबू की छवि दी। 2010 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने 115 सीटें जीतकर अपने राजनीतिक चरम को छुआ था। लेकिन समय के साथ समीकरण बदले। 2020 के चुनाव में पार्टी 43-45 सीटों तक सिमट गई। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने लगभग 85 सीटें जीतकर वापसी की, फिर भी यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी की ताकत अब पहले जैसी नहीं रही।इसी पृष्ठभूमि में निशांत कुमार का राजनीति में आना महत्व रखता है। 40 वर्ष के इंजीनियर निशांत अब तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहे। उनका स्वभाव अंतर्मुखी बताया जाता रहा है और वे लंबे समय तक आध्यात्मिक रुचियों में व्यस्त रहने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसे व्यक्ति का अचानक सक्रिय राजनीति में उतरना स्वाभाविक रूप से जिज्ञासा और संदेह दोनों पैदा करता है। लेकिन राजनीति में अक्सर परिस्थितियां व्यक्ति को आगे धकेल देती हैं। जेडीयू भी उसी दौर से गुजर रही है जहां संगठन को भविष्य का चेहरा चाहिए। बिहार की राजनीति में क्षेत्रीय दलों का अनुभव बताता है कि जब कोई पार्टी लंबे समय तक एक नेता पर निर्भर रहती है तो उसके बाद नेतृत्व का संकट पैदा हो जाता है। राष्ट्रीय जनता दल में लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव का उभार इसी कारण हुआ। समाजवादी पार्टी में मुलायम सिंह यादव के बाद अखिलेश यादव का नेतृत्व सामने आया। तमिलनाडु में करुणानिधि के बाद एम.के. स्टालिन ने पार्टी संभाली। इन उदाहरणों से यह भी स्पष्ट है कि पारिवारिक उत्तराधिकार भारतीय राजनीति की एक स्वीकृत वास्तविकता बन चुका है। यही वजह है कि नीतीश कुमार, जो वर्षों तक परिवारवाद की आलोचना करते रहे, अंततः उसी रास्ते पर चलते दिखाई दिए। जेडीयू का सामाजिक आधार भी इस निर्णय को समझने में मदद करता है। पार्टी की ताकत मुख्यतः कुर्मी, कोइरी और अति पिछड़ा वर्ग के वोटों पर टिकी रही है। 2010 के चुनाव में जेडीयू-भाजपा गठबंधन को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे, जिसमें जेडीयू का बड़ा हिस्सा इन वर्गों से आया। लेकिन पिछले कुछ चुनावों में यह आधार धीरे-धीरे खिसकने लगा। भाजपा का प्रभाव बढ़ा और कई इलाकों में उसका संगठन जेडीयू से ज्यादा मजबूत होता गया। राजनीतिक विश्लेषण बताते हैं कि बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत 2010 के लगभग 16-17 प्रतिशत से बढ़कर हाल के वर्षों में 25 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। ऐसे में जेडीयू के सामने दोहरी चुनौती है अपना सामाजिक आधार बचाना और गठबंधन की राजनीति में अपनी पहचान बनाए रखना।यहीं पर निशांत कुमार की भूमिका अहम हो सकती है। जेडीयू के भीतर यह धारणा बन रही है कि अगर पार्टी के पास नीतीश कुमार के परिवार से कोई चेहरा रहेगा तो संगठन में एकजुटता बनी रहेगी। क्षेत्रीय दलों के इतिहास में यह अक्सर देखा गया है कि करिश्माई नेता के बाद पार्टी बिखर जाती है।

**अजय कुमार,**
**वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ ( उ. प्र. )।**

**अमर भास्कर**
( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )
- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहॉगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बदायूं में नारी सम्मान की अनूठी पहल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बदायूं जनपद में नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर आरटीएम सोसायटी की डायरेक्टर रिदा खान ने अपनी टीम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर महिलाओं, बेटियों तथा प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत महिला अधिकारियों को सम्मानित किया। इस पहल ने समाज में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करने के साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहित करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्वभर में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित होता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए बदायूं में आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता का सशक्त संदेश देने वाला साबित हुआ।

इस अवसर पर आरटीएम सोसायटी की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उन महिलाओं को सम्मानित किया, जो समाज, शिक्षा, प्रशासन और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान बेटियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, ताकि उन्हें आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

डायरेक्टर रिदा खान ने इस अवसर पर कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। यदि महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर मिलें, तो वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा सकती हैं।



**● आरटीएम सोसायटी की डायरेक्टर रिदा खान ने महिलाओं, बेटियों और महिला अधिकारियों को किया सम्मानित**

उन्होंने कहा कि आज का समय महिलाओं के सशक्तिकरण का है। महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, राजनीति, खेल और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। ऐसे में समाज का यह कर्तव्य है कि वह महिलाओं के योगदान को सम्मान दे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे।

कार्यक्रम के दौरान सम्मानित की गई महिलाओं में प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत महिला अधिकारियों के साथ-साथ समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं को भी शामिल किया गया। उन्हें प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और बेटियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

रिदा खान ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बेटियां शिक्षित होंगी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने सभी से अपील की कि बेटियों को बराबरी का अधिकार दें और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्रदान करें।

यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी रहा। इस पहल ने यह संदेश दिया कि नारी शक्ति का सम्मान करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की पहचान है।

अंततः कहा जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बदायूं में आरटीएम सोसायटी द्वारा की गई यह पहल समाज में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे आयोजन न केवल महिलाओं के मनोबल को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को यह भी याद दिलाते हैं कि नारी शक्ति का सम्मान और उनका उत्थान ही एक उज्ज्वल और समतामूलक भविष्य की आधारशिला है।

# शराबंदी से सामाजिक बदलाव की राह और विकास की नई दिशा

बिहार में लागू की गई शराबबंदी केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का प्रयास है। वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने पूर्ण शराबबंदी लागू करने का साहसिक निर्णय लिया था। उस समय इस फैसले पर व्यापक बहस भी हुई और कई लोगों ने इसे आर्थिक दृष्टि से घाटे का सौदा बताया। फिर भी सरकार ने यह मानते हुए कि समाज और परिवारों की भलाई आर्थिक लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है, इस नीति को लागू किया। आज लगभग एक दशक बाद यह चर्चा फिर तेज हो गई है क्योंकि राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वीकार किया है कि शराबबंदी के कारण बिहार को हर वर्ष लगभग 28 से 30 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद उन्होंने इसे नीतीश कुमार के जीवन का सबसे ऐतिहासिक निर्णय बताया है। दरअसल बिहार जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील राज्य में शराब का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं था बल्कि इसका असर परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति पर भी पड़ता था। लंबे समय तक यह शिकायत रही कि शराब के कारण घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह और आर्थिक तंगी जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं। कई परिवारों में कमाने वाले व्यक्ति की आय का बड़ा हिस्सा शराब पर खर्च हो जाता था जिससे घर की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली जाती थी। इसी पृष्ठभूमि में शराबबंदी को एक सामाजिक सुधार के रूप में देखा गया। सरकार का तर्क था कि यदि शराब पर नियंत्रण लगाया जाए तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और परिवारों को स्थिरता मिल सकती है।

शराबबंदी लागू होने के बाद इसके प्रभाव को लेकर अलग अलग मत सामने आए हैं, लेकिन कई सामाजिक अध्ययनों और अनुभवों से यह संकेत मिलता है कि अनेक परिवारों की स्थिति में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने विशेष रूप से इस नीति का समर्थन किया क्योंकि इससे घरेलू हिंसा के मामलों में कमी आई और परिवारों की आय का उपयोग घर की आवश्यकताओं में होने लगा। कई जगहों पर महिलाओं ने खुले तौर पर यह स्वीकार किया कि शराबबंदी के बाद उनके घरों का माहौल पहले से अधिक शांत और सुरक्षित हुआ है। यही कारण है कि आर्थिक नुकसान की चर्चा के बावजूद सरकार इसे सामाजिक दृष्टि से एक सफल पहल मानती है।

आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो शराब बिक्री से राज्य सरकारों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। बिहार में भी शराबबंदी लागू होने से पहले उत्पाद विभाग को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये की आय होती थी। शराबबंदी लागू होने के बाद यह आय पूरी तरह बंद हो गई और राज्य को लगभग 28 से 30 हजार करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व नुकसान होने लगा। यह राशि किसी भी राज्य के लिए काफी बड़ी मानी जाती है क्योंकि इससे कई विकास योजनाओं को वित्तीय सहायता मिल सकती थी। इसके बावजूद बिहार सरकार का मानना है कि समाज के दीर्घकालिक हित के सामने इस नुकसान को स्वीकार किया जा सकता है।

शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार ने कड़ी कार्रवाई भी की है। मद्य निषेध इकाई और पुलिस विभाग लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वर्ष 2025 में जनवरी से नवंबर के बीच बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। इस दौरान लाखों लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की गई और हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। शराब तस्करी को रोकने के लिए कई बड़े ट्रक और कंटेनर भी पकड़े गए। राज्य की सीमाएं झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से लगती हैं, इसलिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सरकार का मानना है कि यदि कानून का सख्ती से पालन किया जाए तो अवैध कारोबार को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

इसी बीच बिहार सरकार राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देने की भी कोशिश कर रही है। उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ की बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने निवेशकों को बिहार आने का निमंत्रण दिया और कहा कि राज्य तेजी से बदल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एक समय बिहार की पहचान अपराध और अपहरण से जुड़ी होती थी, लेकिन अब स्थिति में काफी सुधार हुआ है। कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में काम कर रही है।

राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार ने चार नए हवाई अड्डों के निर्माण की योजना बनाई है जिससे राज्य की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क किसी भी क्षेत्र में उद्योग और निवेश को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। जब किसी राज्य में परिवहन और संचार सुविधाएं मजबूत होती हैं तो उद्योगों के लिए वहां काम करना आसान हो जाता है। इसी सोच के साथ बिहार में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है ताकि निवेशकों को भरोसा मिले और नए उद्योग स्थापित हो सकें। शराबबंदी के संदर्भ में यह भी कहा जा रहा है कि केवल आर्थिक नुकसान की चर्चा करना उचित नहीं है।

## खेल-खिलाड़ी

# विश्वकप ट्रॉफी के साथ सुकून की नींद लेते दिख सूर्य

**दिल्ली।** भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफटी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला 96 रनों से जीतकर इतिहास रच दिया। टीम इंडिया सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतने में कामयाब रही। इससे पहले टीम 2007 और 2024 में विजेता बनी थी। अब भारतीय कप्तान और स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह अपनी पत्नी के साथ लेटे हुए हैं और दोनों के बीच में ट्रॉफी रखी है। इससे पहले विश्व विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए पहुंचे थे। उनके पहुंचते ही इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने श्इंडिया3 इंडियाश् के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया।



'अडालज नी वाव' के नाम से प्रसिद्ध यह बावड़ी गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। अहमदाबाद से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित इस बावड़ी का निर्माण वर्ष 1499 में वाघेला शासक राणा वीर सिंह की पत्नी रानी रुदाबाई ने करवाया था। पांच मंजिला यह संरचना अपनी बारीक नक्काशी और विशिष्ट भारतीय-इस्लामिक वास्तुकला शैली के लिए प्रसिद्ध है। अष्टकोणीय आकार की यह बावड़ी मध्यकालीन दौर में पानी के स्रोत के साथ-साथ यात्रियों के विश्राम स्थल के रूप में भी उपयोग में लाई जाती थी। आज इसके अलंकृत स्तंभ, गलियारे और खूबसूरती से तराशी गई दीवारें इसे गुजरात के सबसे आकर्षक विरासत स्थलों में शामिल करती हैं।

# विश्वकप में हार के बाद श्रीलंका को मिला नया कप्तान

टी20 विश्व कप 2026 का समापन हो चुका है। मेजबान श्रीलंका के लिए यह टूर्नामेंट निराशा से भरा रहा। टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भी खराब प्रदर्शन के कारण पद से इस्तीफा दे दिया। अब श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार को पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ओपनर और अनुभवी कोच गैरी कर्स्टन को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। कर्स्टन का कार्यकाल 15 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल 2028 तक रहेगा। एसएलसी के अनुसार कर्स्टन का मुख्य लक्ष्य टीम को आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2007 के लिए तैयार करना होगा। यह टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित किया






जाएगा। बोर्ड ने कहा कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर की संरचना को मजबूत करने और आने वाले बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए टीम को बेहतर बनाने की रणनीति का हिस्सा है। 58 वर्षीय कर्स्टन के पास अंतरराष्ट्रीय कोचिंग का लंबा अनुभव है। उन्होंने 2008 से 2011 के बीच भारतीय टीम को कोचिंग दी थी और उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। इसके बाद कर्स्टन 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच भी रहे। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका तीनों प्रारूपों में दुनिया की नंबर-1 टीम बना था। हाल ही में वह क्रिकेट नामीबिया के साथ सलाहकार के रूप में जुड़े हुए थे।

## प्यारी बिटिया

नन्हीं कली मुस्काई है
संग उमंगें लाई है।
बिटिया ने मुस्कान सजाई,
जन्मदिवस की बहुत बधाई।

सूरज जैसी किरण लुटाए,
तारों जैसी चमक दिखाए।
मीठी बातें, मीठे सपने,
मन में भरी उमंग अपने।

पल-पल तेरा संग संजोया,
हर आशीष में तुझे पिरोया।
जग में रोशन तेरा नाम हो,
खुशियों से भरी तेरी शाम हो।

ज्ञान की ज्योति संग जलाए,
हर राह पे आगे कदम बढ़ाए।
माँ-पापा को गर्व कराए,
सपनों को सच करके दिखाए।

स्नेह सदा घुला-मिला रहे,
हर जन्मदिन तेरा खिला रहे।
फूलों सी महकती रहे हर पल,
रौशन रहे तेरा हर पल।



**लेखिका:**
**प्रतिमा पाठक, दिल्ली**

# दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी श्एक जनपद-एक उत्पाद ओडीओपी योजना के अंतर्गत संभल के पारंपरिक हस्तशिल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आयोजित 1० दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को भव्य समापन हुआ। नगर के तेल मंडी स्थित फ्रोही रिजॉर्ट में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि जिला द्योग केंद्र के उपायुक्त मुकेश कुमार रहे। सरकारी योजनाओं से आत्मनिर्भर बनेंगे युवारू उपायुक्तसमारोह कोसंबोधित करते हुए उपायुक्त् केश कुमार ने प्रशिक्षण



प्राप्त करने वाले सभी 3०० लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि संभल का हड्डी और सींग शिल्प पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं, सब्सिडी और आधुनिक टूलकिट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। जुनैद असलम और शाजिया खान ने दी तकनीकी जानकारी प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रभारी जुनैद असलम ने 1० दिनों की व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

उनके साथ संभल वुमन एसोसिएशन की अध्यक्ष शाजिया खान ने लाभार्थियों को शिल्प की तकनीकी बारीकियों से रूबरू कराया। शाजिया खान ने बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षुओं को बताया कि कैसे बारीक नक्काशी और मेहनत से एक साधारण वस्तु को बेशकीमती कलाकृति में बदला जा सकता है।

# हाईटेंशन लाइन से लगी आग भैंस की जलकर मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल ।** गुन्नौर थाना क्षेत्र के मझोला फतेहपुर गांव में एक किसान के घर में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से भीषण आग लग गई। इस घटना में किसान की एक दुधारू भैंस की जलकर मौत हो गई और ?2 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना मझोला फतेहपुर गांव के 62 वर्षीय किसान हरपाल सिंह के घर में हुई। हरपाल सिंह ने गांव के बाहर जंगल में अपना मकान बना रखा है, जिसके ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजरती है। बताया जा रहा है कि इसी लाइन से गिरी एक चिंगारी के कारण आग लगी।



घटना के समय हरपाल सिंह अपने पुराने मकान में सो रहे थे। खेतों में काम करने जा रहे अन्य किसानों ने धुआं उठते देखा और तुरंत हरपाल सिंह को सूचना दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि, जब तक आग बुझाई गई, तब तक मकान में बंधी एक दुधारू भैंस की जलकर मौत हो चुकी थी। इसके अतिरिक्त, पशुओं के लिए रखा चारा, झोपड़ी और कपड़े भी जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड की सूचना न तो थाना पुलिस को दी गई और न ही किसी अन्य अधिकारी को। विद्युत विभाग का कोई अधिकारी भी घटना की जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंचा। किसान हरपाल सिंह ने बताया कि उनकी मृत भैंस दुधारू थी और उसकी कीमत ?1,2०,००० थी। उन्होंने आग लगने का कारण घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन को बताया और कहा कि इस घटना में उन्हें कुल ?2,००,००० से अधिक का नुकसान हुआ है। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने पुष्टि की है कि मझोला फतेहपुर गांव में आग लगने की कोई सूचना थाने पर प्राप्त नहीं हुई है।

# मो अशर इस्माइल ने रखा नो साल की उम्र में पहला रोजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** माहे रमजान की रौनक के बीच कस्बे में एक रोजेदार चर्चा का केंद्र बना। 9 वर्षीय अशर इस्माइल ने ओर उनके भाई अदीब इस्माईल ने पहली बार रोजा रखा। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उसकी हौसला अफजाई करते हुए फूलमाला पहनाकर रोजा कुशाई की और गिफ्ट देकर आशीर्वाद दिया। रमजान के मुबारक महीने में जहां बुजुर्गों के साथ युवा और बच्चे भी इबादत में जुटे हैं, वहीं अशर के पहले रोजे को लेकर घर में खासा उत्साह रहा। मस्जिदों में नमाजियों की खासी तादाद देखने को मिली। शाम होते ही रोजेदारों ने परिवार




के साथ इफ्तार की तैयारी शुरू कर दी। दोपहर बाद से ही घर की महिलाओं ने इफ्तार के लिए पकवान बनाने शुरू कर दिए थे। मगरिब की अजान से पहले ही दस्तरखान सजा दिया गया। अजान होते ही रोजेदारों ने अल्लाह तआला से दुआ मांगी और खजूर, पानी व शरबत से रोजा खोला। इसके बाद विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया और अल्लाह का शुक्र अदा किया। दोनों के रोजा रखने पर दादा शेख इब्राहिम, दादी अंजुम बेगम, चाचा नदीम ,दानिश, ओवेस, जुनैद इब्राहिम ने उसे रोजा खुलवाकर आशीर्वाद दिया। परिवार के बड़ों नन्हे बच्चों को गले लगाकर उसके जज्बे की सराहना की। इफ्तार में नन्हे मुन्ने बच्चे भी इफ्तार में शामिल हुए अर्जलान शाहजेन, मिजानं अफ्नान समेत सभी के एक दूसरे को इफ्तार की मुबारकबाद दी ।

इस अवसर पर रिश्तेदारों को भी इफ्तार का इंतजाम किया गया और जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरित किया गया। पास की मस्जिद के इमाम भी इफ्तार करने पहुंचे । ओर मुल्क के अमनो अमान की दुआ की।

# समाजसेवियों ने नई एसडीएम निधि पटेल को किया सम्मानित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी दीपा बाष्णेय और समाजसेवी नवरत्न बाष्णेय ने संभल की नई एसडीएम निधि पटेल को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें फूल-माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया गया। समाजसेवियों ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनकी उपलब्धियों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। नई



एसडीए निधि पटेल ने सम्मान के लिएआभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि माज में महिलाओं की भूमिका बहुत मत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर उनकेसम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करना चाहिए। इस दौरान मौजू लोगों ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए और महिलाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## सार-संक्षेप

### बीजेपी नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है।





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

नीतीश पाण्डेय प्रदेश उपाध्यक्ष भगवा रक्षा परिषद् भाजपा उ०प्र० ने कहा कि हर साल ०8 मार्च को पूरी दुनिया में महिला दिवस मनाया जाता है जो उनके संघर्षों और उपलब्धियों को याद करने का दिन है। बीजेपी नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा कि हर कामयाब शख्स के पीछे एक औरत का हाथ होता है वो मां हो सकती है, बहन हो सकती है, पत्नी, बेटी या फिर दोस्त पूरी दुनिया 8 मार्च को इंटरनेशनल वुमन्स डे सेलिब्रेट करती है। महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके योगदान को मान्यता देना है। विश्वभर में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिलाएं अपनी पहचान खुद बना सकें और समाज में किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं. शिक्षा में, विज्ञान में, टेक्नॉलजी में, खेल में, राजनीति में, व्यवसाय में या उद्यमिता का क्षेत्र हो महिलाएं अपनी काबिलियत हर क्षेत्र में साबित कर रही हैं। हमें मिलकर महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। हर महिला को आत्मनिर्भर, सम्मानित और सफ्ल बनने का हक है। बीजेपी नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा कि हर महिला को आत्मनिर्भर, सम्मानित और सफल बनने का हक है. भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का प्रतीक माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवी-देवताओं का वास होता है। अंत में बीजेपी नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, नारी जीवनदायिनी है. प्रेम की मूर्ति है और रिश्ते को संवारने वाली शक्ति है।

### रोजा इफ्तार पार्टी में दिखा आपसी सौहार्द का नजारा अमन चैन की मांगी गई दुआ

**सिद्धार्थनगर।** रोजा इफ्तार पार्टी आपसी भाईचारे का संदेश देने के साथ साथ एक-दूसरे को आपसी सौहार्द से रहते हुए सबके सुख-दुख में साथ चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे में डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून के द्वारा सोमवार को डुमरियागंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर लोगों ने देश में अमनों-अमान के लिए दुआ मांगी।इफ्तार में आपसी भाई-चारा की झलक भी देखने को मिली। विधायक सैय्यदा खातून ने इफ्तार पार्टी का आयोजन कर एक मिसाल पेश करते हुए हिन्दू और मुस्लिम भाइयों को एक साथ आपसी भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया। इस मौके पर सपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कुशल तिवारी, डाक्टर जहीर मलिक, काजी अहमद फरीद अब्बासी, आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ, वरिष्ठ पत्रकार हाशिम रिजवी,अफसर रिजवी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय,डाक्टर अब्दुल मन्नान,पप्पू सिद्दीकी, डाक्टर रफीउल्लाह खान, डाक्टर एहसान,फुजैल अहमद मलिक, युवा सपा नेता विजय यादव, काजी शहंशाह, पप्पू मलिक, बच्चाराम बौद्ध , इकबाल मलिक, रजजन पाण्डेय आदि भारी संख्या में रोजेदार उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज ।** कासगंज ०8 मार्च, 2०26 (सूचना विभाग)।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पिंक रोजगार महाकुंभ 2०26 में 5,००० से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर, रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म श्रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं का सम्मान एवं नारी शक्ति अवॉर्ड, कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी



बालिकाओं को चेक वितरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी वर्दी हेतु रूपए 3,849 लाख की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। मा० मुख्यमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की समस्त महिलाओं बालिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि जब परिवार की महिला शसक्त होती है, तो वह सिर्फ खुद को नहीं बदलती बल्कि समाज को नई दिशा देती है। मा० मुख्यमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी से नारी को सम्मान व सुरक्षा देने का संकल्प लेने का आह्वान किया कासगंज के विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला देवी , समस्त बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार कासगंज का स्टॉफ, महिला कल्याण विभाग स्टॉफ, महिला हेल्प लाइन का स्टॉफएवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता हिना नाज, दो मुख्य सेविका एवं 17 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मनित किया गया।

# महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद सोरों में सभी महिला सफाई कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।'

**अमरभास्कर,ब्यूरो**

**कासगंज ।** कासगंज नगर पालिका परिषद सोरों में महिला सफाई कर्मचारियो को महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप रही।

नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, अधिशासी अधिकारी सोरों एस डी एम हर्षिता देवड़ा मौजूद रही, महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षरत्नेश कश्यप ने कहा कि महिलाएं आदिशक्ति हैं समाज सुधार समाज व देश के लिए उच्च शिखर तक लेजाने में



महिलाओं का योगदान है , कार्यक्रम में बाबू जयप्रकाश दुबे पंकज भार्गव प्रशांत शर्मा ,आकाश महेरे ,पंकज तिवारी, गोपाल स्वामीजेड तरुण पाठक, सफाई नायक नरेश वाल्मीकि, रामदास वाल्मीकि, सुशील वाल्मीकि,उपस्थित रहे।

# तीर्थ नगरी सोरों में रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सोरो ।** सोरों (कासगंज)। तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र में रंग पंचमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गंगा-वराह एवं गोस्वामी तुलसीदास सहित दो दर्जन से अधिक भव्य झांकियों के साथ डीजे और बैंड बाजों की धुन पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोरों स्थित वराह मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाजसेवी सुनील तिवारी ने मां गंगा और भगवान वराह की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेता सीमा उपाध्याय, जिलाधिकारी प्रणय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार कासगंज तथा सदर एसडीएम संजीव कुमार ने द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान द्वारकाधीश की पूजा-अचना की और कार्यक्रम में सहभागिता की। यह आयोजन गंगा भक्ति समिति के तत्वावधान में किया गया। समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र भारद्वाज ने मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनका स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत में नगर



के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा ठंडाई और पूरी-सब्जी के प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर हुरियारे झूमते हुए एक-दूसरे पर अबीर, रंग और गुलाल उड़ाते नजर आए। फाग गीतों की धुन पर लोग नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और पूरे नगर में होली का उल्लास छा गया। शोभायात्रा वराह मंदिर से प्रारंभ होकर तिराहा, चंदन चौक, रामसिंहपुरा, कछला गेट, सहावर गेट, अनाज मंडी चौराहा, मोहल्ला बदरिया तथा तिराहा मोहल्ला होते हुए पुनः वराह मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन हेमंत त्रिगुणायत ने किया। गंगा भक्ति समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र भारद्वाज ने कहा कि सोरों शूकर क्षेत्र आस्था और संस्कृति की पावन भूमि है। रंग पंचमी का यह महोत्सव समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सनातन परंपराओं को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गंगा भक्ति समिति का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आशुतोष आनंद , शिक्षा सेवा चयन आयोग सदस्य डॉव राधाकृष्ण दीक्षित, कार्यक्रम का संचालन पंडित हेमंत ने किया, मनु दुबे सिद्ध, बाबा राधा कृष्ण विजय, सौरभ दीक्षित, आदित्य कंकोरिया दुबे, मयूरेश दुबे, जय किशन तिवारी, अमित अग्रवाल, मनीष शर्मा सिंटू, कन्हैया राम लोटा, अंशुल दुबे, दीपक चौधरी, विक्की तिवारी, योगेश तिवारी, दीपक पाराशर, राजेश तिवारी, अतुल तिवारी, सभासद विष्णु तिवारी, सभासद संजय उपाध्याय, नितेश मेधावी, हिमांशु चौधरी, कमलनयन चौधरी, विजय गोस्वामी, शिवम, विजय दीक्षित, दक्ष ,लक्ष्य दीक्षित, दीपक दीक्षित श्री कृष्ण भारद्वाज,शोभित गौड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे।

# निशादेही पर घटना में प्रयुक्त ०1 सरिया लोहा व अभि०गण के घटना के समय पहने खून में सने कपड़े बरामद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज ।** कासगंज गुलजार नवी पुत्र छोटे खां ग्राम भरगैन थाना पटियाली कासगंज ने थाना पटियाली पर रिपोर्ट दर्ज करायी कि मेरा बड़ा भाई आदिल गांव में ही रहकर मजदूरी करता था । मेरे भाई आदिल की किसान ईट भट्टे मेदपुर रोड पर पहले से काम कर रहे जाबिद, मौ० आजाद, रमजानी, इस्तखार व मौ० छोटे के साथ दोस्ती थी । आदिल, उनके पास आता जाता रहता था । दिनांक ०5.०3.2०26 की रात्रि में जाबिर, मौ० आजाद, रमजानी, इस्तखार व मौ० छोटे से कहासुनी व झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर उपरोक्त पांचों अभि०गण द्वारा मेरे भाई आदिल के साथ मारपीट




कर हत्या कर दी है । जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पटियाली पर मु०अ०सं० 57/26 धारा 1०3(1), 3(5) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना की गयी । 'कार्यवाही दृ' पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेकर घटना में संलिप्त अभि०गण की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी पटियाली संदीप वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस सहित एसओजी व सर्विलांस की एक टीम गठित की गयी । गठित टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के क्रम में दिनांक ०8.०3.2०26 को 1. मौ० रमजानी पुत्र नसीर शाह 2. मौ० आजाद पुत्र मौ० हैदर 3.मौ० छोटे पुत्र मौ० नसीर शाह 4. इश्तकार पुत्र याशीन नि०गण विक्रामपुर थाना चरिया बढियानपुर जनपद बैगूसराय बिहार 5. मौ० जाविद पुत्र हासिम नि० मठियानी थाना ओपी छैराई जनपद बैगूसराय बिहार को वल्लूपुर रेलवे स्टेशन के पास से शमशुल पुत्र जख्खूला खान के बाग के पास से गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है । गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना प्रयुक्त ०1 सरिया लोहा व अभि०गण के घटना के समय पहने खून में सने कपड़े बरामद हुए है । अभि०गण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है । 'पूछताछ दृ' अभि०गण से पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग किसान ईट भट्टे पर मजदूरी का काम करते है आदिल पुत्र छोटे खां नि० भरगैन हमारे पास आ जाता था और हमारे साथ बैठकर शराब पी लेता था । दिनांक ०5/6.०3.2०26 की मध्य रात्रि में हम लोग शराब पी रहे थे । शराब के नशे में हमारी कहासुनी व मारपीट हो गयी थी । जिस कारण आदिल की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी । हम लोगों ने आदिल के शव को भट्टे के पास ही तालाब के किनारे खड़े एक सूखे पेड़ के तने से बांध दिया था सरिया व पहने कपड़ो को हमने भट्टे के ऊपर राविस में दबा दिया था ।

# होली मिलन एवं सम्मान समारोह की पत्रिका का हुआ विमोचन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** सोमवार को श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा आजाद मार्केट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान होली मिलन एवं सम्मान समारोह की पत्रिका (निमंत्रण पत्र) का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई तथा सभी ब्रजवासियों को होली मिलन समारोह में ससम्मान आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री अर्जुन पंडित ने कहा



कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इसी भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समिति द्वारा होली मिलन समारोह के साथ-साथ श्री वामन भगवान शोभायात्रा में सहयोग प्रदान करने वाले सहयोगियों एवं समाजसेवियों के सम्मान हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 16 मार्च, सोमवार को पोतरा कुंड स्थित योगमाया मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान समिति के संस्थापक पं. श्याम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय हरियाणा, शोभायात्रा संयोजक संजय पिपरौनिया, उपाध्यक्ष विजय शर्मा, पार्षद आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, संदीप शर्मा, हरिशंकर, राहुल शर्मा, सर्वेश चतुर्वेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ईरान का बहरीन की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर भीषण हमला

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच शुरू हुआ युद्ध तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष ने कुछ ही दिनों में लेबनान, खाड़ी देशों और वैश्विक ऊर्जा बाजारों तक असर डाल दिया। इसी बीच बहरीन की सरकारी तेल कंपनी ने सोमवार को अपने शिपमेंट के लिए फोर्स मेज्योर की घोषणा कर दी। दरअसल, ईरान के हमले में उसकी रिफाइनरी में आग लग गई थी। बहरीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने अप्रत्याशित घटना की घोषणा की, जो एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसके तहत



असाधारण परिस्थितियों के कारण कोई कंपनी अपने संविदात्मक दायित्वों से मुक्त हो जाती है। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष और हाल ही में उसके रिफाइनरी परिसर पर हुए हमले से कंपनी के संचालन प्रभावित हुए हैं। उसने इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय मांग को अभी भी पूरा किया जा सकता है। बहरीन न्यूज एजेंसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्अल माश्मीर में एक सुविधा को निशाना बनाकर की गई ईरानी आक्रामकता के कारण आग लग गई, जिसमें भौतिक क्षति की सूचना मिली है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, अधिकारियों ने अग्निशमन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# महिला दिवस पर केएम अस्पताल की बड़ी पहल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केएम विश्वविद्यालय में महिला सम्मान, सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि केएम अस्पताल में यदि किसी गर्भवती महिला के यहां बेटी का जन्म होता है तो नॉर्मल या सिजेरियन डिलीवरी का पूरा खर्च



मैं स्वयं उठाऊंगा। उनकी इस घोषणा का कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और चिकित्सकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। केएम हॉस्पिटल के स्त्री रोग विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एन.सी. प्रजापति, मेडीकल प्राचार्य डा. पी.एन. भिसे, पशु चिकित्सालय के डीन डा. अजय प्रकाश शर्मा, मेडीकल सुपरिटेंडेंट डा. अभय सूद और विश्वविद्यालय सलाहकार डा. एस.पी. गोस्वामी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ऐश्वर्या त्रिपाठी और डा. अंजली त्यागी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं डा. जैनवी, डा. ग्रीषमा, डा. श्रुति, डा. सिरवन, डा. गायत्री और डा. राजलक्ष्मी ने मुख्य अतिथि सहित और पटुका पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि महिला शक्ति, सामर्थ, खुशहाली, तपस्या और त्याग की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं नई ऊर्जा, उत्साह और जुनून के साथ देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। हमारे धर्मग्रंथों और पुराणों में भी मां, बहन और बेटी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों के चलते महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कुलपति डा. एन.सी. प्रजापति ने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपराओं में महिलाओं का विशेष स्थान रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाएं सेवा, करुणा और समर्पण की सच्ची मिसाल हैं पशु चिकित्सालय के डीन डा. अजय प्रकाश शर्मा ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महिलाओं की महत्ता को सर्वोपरि बताया और कहा कि हमारे धार्मिक परंपराओं में भी देवी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इस अवसर पर मेडीकल प्राचार्य डा. पी.एन. भिसे, विश्वविद्यालय सलाहकार डा. एस.पी. गोस्वामी और एडीशनल मेडीकल सुपरिटेंडेंट डा. आर.पी. गुप्ता ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत में कुलाधिपति, कुलपति एवं अन्य अधिकारियों ने समाज और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को गुलाब और उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनके साथ भोजन कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अस्पताल की जनरल मैनेजर स्वाति शर्मा, वेटरिनरी के सहायक डीन डा. पिताम्बर, स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डा. धन सिंह, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डा. एम.के. तनेजा सहित यूजी-पीजी की महिला चिकित्सक और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# छात्र छात्राओं को आज प्रदान करेंगी राज्यपाल 177 उपाधि और डिग्रीयां

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। राज्यपाल जी का हेलीकॉप्टर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के परिसर में उतरा। राज्यपाल का स्वागत माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के कुलपति डॉ० अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा किया गया। राज्यपाल जी ने सर्वप्रथम



विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों पर बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। कलाकृतियों में जल संरक्षण, पौष्टिक आहार, प्रकृति की सुरक्षा, पशु क्रूरता पर अंकुश, धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र की सुन्दरता, श्री कृष्ण जी के चित्र सहित विभिन्न पेटिंग को शार्या गया था। महामहिम जी को बाी बारी से छात्र-छात्राओं ने अपनीअपनी वॉल पेंटिंग के महत्वध् देश से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई वॉल पेंटिंग की सराहना की। महामहिम जी को एक छात्र ने पेंसिल से बनाया हुआ आकर्षक स्केच भेंट किया। राज्यपालजी ने विश्वविद्यालय के अशोक गेस्ट हाउस में कार्य परिषद की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महामहिम जी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया। राज्यपाल विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 10 मार्च को उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के 15वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ० नवीन बी० महेश्वरप्पा शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा कुल 177 उपाधियाँ डिग्रियाँ प्रदान की जाएँगी, जिनमें 69 डिग्रियाँ बीवीएससी एवं एएच, 74 स्नातकोत्तर डिग्रियाँ, 05 पीएचडी डिग्रियाँ तथा 29 बायोटेक्नोलॉजी की डिग्रियाँ शामिल हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को कुल 20 पदक प्रदान किए जाएँगे, जिनमें 14 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक तथा 02 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समारोह के दौरान 04 सर्वश्रेष्ठ शोधप्रबंध पुरस्कार (स्नातकोत्तर), 01 सर्वश्रेष्ठ शोधप्रबंध पुरस्कार (पीएचडी) तथा 01 सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएँगे। अनुसंधान और शैक्षणिक विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने इस वर्ष विभिन्न संस्थानों के साथ 07 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वर्तमान में सक्रिय समझौता ज्ञापनों की कुल संख्या 31 हो गई है। इस कार्यक्रम के दौरान 02 पुस्तक, विश्वविद्यालय समाचार पत्र तथा पशुधन पत्रिका का भी लोकार्पण किया जाएगा।

विश्वविद्यालय ग्रामीण गरीबों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत संस्थाओं जैसे आंगनवाड़ी केंद्रों तथा गोद लिए गए गाँवों के सरकारी विद्यालयों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। इसी क्रम में इस कार्यक्रम के दौरान 25 आंगनवाड़ी केंद्रों को अवसंरचना सुदृढ़ीकरण हेतु किट वितरित की जाएँगी। विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गोद लिए गए पाँच गाँवों के विद्यालयी बच्चों के बीच चित्रकला, देशभक्ति गीत तथा भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को इस समारोह में महामहिम राज्यपाल जी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# विश्व की सबसे बड़ी अध्यात्मिक संस्था महिलाओं द्वारा की जा रही संचालित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र पर सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, कला, सुरक्षा, अध्यात्म, खेल, मीडिया और प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र त्याग राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज निर्माण की भी सशक्त धुरी है। जब नारी अपने भीतर निहित आध्यात्मिक शक्तियों को पहचानती है, तब वह परिवार और समाज दोनों में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए आध्यात्मिक अनुभूति भी कराई। कार्यक्रम में कथा वाचक एवं भजन गायिका मोहिनी कृष्ण दासी, बलदेव पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. अनीता सिकरवार, मीडिया जगत से सीमा शर्मा, चित्रकार खुशबू उपाध्याय, रिफाइनरी सीआईएसएफके कमांडेंट की धर्मपत्नी दीपशिखा भारती, स्वास्थ्य क्षेत्र से डॉ. करुणा, डॉ. रश्मि, डॉ. रूपा गोपाल, मथुरा रिफाइनरी की चीफ मैनेजर दीप्ति गोयल, वंदना खरबंदा, तलवारबाज कामिनी शर्मा, कथक नृत्यांगना मानसी राजपूत, शिक्षा जगत से प्रो. डॉ. सी.एम. देवी, डॉ. गीतिका, प्राचार्य शिखा, अलका, लवली पटेल, नीतू गोस्वामी, समाजसेवी डॉ. विनीता गुप्ता, डॉ. मधुबाला गर्ग, सविता चतुर्वेदी तथा खिलाड़ी वर्षा गौतम सहित अनेक महिलाओं को स्मृति चिह्न एवं पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीके कविता ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वीके आलोक कुमार, वीके मनोज कुमार, बीके बहन पूजा, अंजलि, प्रेरणा, दिया, तनु, रिया, मनु, गीता सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# ईरान के सर्वोच्च नेता बने खामेनेई के बेटे मोजतबा

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को 10 दिन हो गए हैं। यह तनाव हर दिन के साथ और गहराता जा रहा है। इस संकट के बीच ईरान में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी



दिया है। पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है। इस बीच, इस्राइली सेना ने एक बड़ा दावा किया है। इस्राइली सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मोजतबा खामेनेई हाल ही में हुए एक हवाई हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे। हालांकि, इस्राइली सेना ने यह भी माना है कि मोजतबा अभी जिंदा हैं। इससे पहले ईरानी विपक्षी चौनल ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया था कि मोजतबा को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया है। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के वरिष्ठ धर्मगुरु मोजतबा को तुरंत नेता घोषित करने में झिझक रहे थे। उन्हें डर था कि ऐसा करने पर अमेरिका और इस्राइल उन्हें सीधे निशाना बना सकते हैं। यह संघर्ष 10 दिन पहले तब शुरू हुआ था जब अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। 28 फरवरी को हुए इन हमलों में ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। उनकी मौत के बाद से ही पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। ईरान तब से लगातार इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन से हमले कर रहा है। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ हमले जारी हैं, जिससे पूरे इलाके में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ ढहा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का एक बड़ा ढेर ढह गया। इस घटना में अबतक पांच लोगों की मौत हो गई है। कई अन्य लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हादसा रविवार देर रात हुई भारी बारिश के कारण हुआ।यह हादसा राजधानी जकार्ता के पास बेकासी शहर में स्थित बंटारगेबांग वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी में रविवार देर रात हुआ। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए 300 से ज्यादा बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है। बचाव दल भारी मशीनों और खोजी कुत्तों की मदद ले रहे हैं। जकार्ता सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस की प्रमुख देसियाना कार्तिका बहारी ने बताया कि कचरे के ढेर काफी अस्थिर हैं, इसलिए बचाव दल बहुत सावधानी से काम कर रहे हैंहादसे का शिकार हुए लोगों में दो कचरा ट्रक ड्राइवर और दो खाने की दुकान चलाने वाले लोग शामिल हैं। ये लोग लैंडफिल के पास काम कर रहे थे या आराम कर रहे थे। राहत की बात यह रही कि चार लोग इस हादसे से सुरक्षित बचने में कामयाब रहे। पुलिस, सेना और वॉलंटियर्स की टीमें अभी भी तीन



लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अभी यह डेटा इकट्ठा किया जा रहा है कि मलबे के नीचे कितनी गाड़ियां और मजदूर फंसे हो सकते हैं नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के वीडियो में खुदाई करने वाली मशीनें कचरे के ढेर को हटाती दिख रही हैं। वहां कई ट्रक और खाने की छोटी दुकानें दबी हुई हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बचाव टीमों को सख्त सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में बारिश की संभावना जताई है। बंटारगेबांग लैंडफिल में जकार्ता का ज्यादातर घरेलू कचरा आता है। यह जगह अपनी क्षमता से बहुत ज्यादा भर चुकी है और इसे लेकर पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी। इससे पहले जनवरी में फिलीपींस में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। साल 2005 में इंडोनेशिया के बांडुंग में भारी बारिश के बाद कचरा गिरने से 31 लोगों की जान गई थी। सरकार ने पिछले साल के अंत में इस लैंडफिल को साफकरने के लिए दो साल का समय तय किया था। नए नियमों के तहत अब कचरे को बिजली या ऊर्जा में बदलने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि खुले में कचरा फेंकने की पुरानी व्यवस्था को बदला जा सके।

# बांके बिहारी मंदिर परिसर के निजी सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालु से की गई खींचातानी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** श्रीबांके बिहारी मंदिर में निजी सुरक्षा कर्मियों की गुंडई का मामला सामने आया है। दर्शन के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु युवक से अभद्रता की उसकी गर्दन पड़कर खींचा और बाहर कर दिया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। वृंदावन बांके बिहारी जी मंदिर में तैनात निजी सुरक्षा कर्मी श्रद्धालु के साथ अभद्रता करते नजर आ रहे हैं। उसके साथ बदसुलूकी भी की जा रही है। श्रद्धालुओं को रेलिंग के बीच से खींचा जा रहा है। सुरक्षाकर्मी कभी बाल पकड़ते हैं तो कभी उसकी गर्दन मंदिर परिसर में भगवान के सामने ही उनके भक्त की पिटाई करने से भी यह सुरक्षा कर्मी नहीं हिचकिचाए। मामला रविवार का बताया जा रहा है जिसमें बेरी कटिंग के अंदर मंदिर में दर्शन को जाते श्रद्धालु को सुरक्षा कर्मियों ने रोका और आधा दर्जन के करीब सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालु के साथ अभद्रता और हातापाई की। सुरक्षाकर्मी युवक को बाल खींचकर मंदिर के कार्यालय की तरफ खींच ले गए। इस दौरान श्रद्धालु युवक ने दिवस वृद्ध माता-पिता बेटे के साथ अभद्रता और मारपीट न करने की गुहार लगाते रहे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022